nt>

Title: Need to provide compensation to the displaced land owners of Rajghat Dam Project in Jhansi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री चन्द्र पाल सिंह यादव (झांसी) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र ललितपुर -झांसी (उ.प्र.) के अंतर्गत राजघाट बांध परियोजना का निर्माण मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश की भूमि पर हुआ है। यह भूमि जिन किसानों से अधिग्रहीत की गई थी, उसका अभी तक मुआवज़ा किसानों को नहीं मिला है, जिसके कारण किसान आर्थिक कठिनाइयों के दिन गुज़ार रहे हैं और न इस क्षेत्र के लिए बांध से सिंचाई हेतु पानी का कोई निर्धारण किया गया है। अतः आपके माध्यम से मैं जल संसाधन मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूँ कि राजघाट परियोजना के निर्माण में जिन किसानों की भूमि का अधिग्रहण किया गया है, उनको अविलंब अवशो मुआवज़ा दिया जाए और इस क्षेत्र के किसानों को बांध से सिंचाई हेतु पानी का निर्धारण किया जाए।